<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

सी.आर.पी.एफ. मुख्यालय, नई दिल्ली में मनाया गया हिंदी दिवस समापन समारोह

सी.जी.ओ. परिसर, नई दिल्ली स्थित सी.आर.पी.एफ. मुख्यालय में 29 सितंबर, 2023 को 'हिंदी दिवस समापन समारोह' के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन बल के महानिदेशक, डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन, भा.पु.से. की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में बल के वरिष्ठ अधिकारियों तथा हिंदी पखवाड़ा के प्रतिभागियों ने हर्षोल्लास के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में माननीय गृह मंत्री जी के राजभाषा संदेश को पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात श्री सुरेन्द्र पाल सिंह, सहायक कमांडेंट (राजभाषा) द्वारा राजभाषा हिंदी की संवैधानिक व्यवस्था के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवार राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता वर्ष 2022-23 के लिए 'क', 'ख' व 'ग' क्षेत्र में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता कार्यालयों के प्रमुखों को महानिदेशक महोदय द्वारा राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र तथा महानिदेशालय के प्रशासन एवं भर्ती शाखाओं के उप महानिरीक्षकों को राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं (हिंदी व्यवहार, हिंदी कार्यशाला, हिंदी टिप्पण/आलेखन एवं हिंदी टंकण) के विजेता प्रतियोगियों को भी महानिदेशक, सीआरपीएफ द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक द्वारा सीआरपीएफ समाचार के ''राजभाषा विशेषांक'' का विमोचन किया गया। अपने वक्तव्य में माननीय महानिदेशक महोदय ने राजभाषा हिंदी के महत्व को बताते हुए राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाए रखने में हिंदी के योगदान का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की राजभाषा हिंदी के उत्थान में भूमिका एवं योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने माननीय गृह मंत्री जी के हिंदी दिवस के अवसर पर प्राप्त संदेश में हिंदी को बढ़ावा देने संबंधी दिए गए निर्देशों का भी अक्षरशः पालन करने का सभी से आह्वान किया।

इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यतौर पर श्री दलजीत सिंह चौधरी, भा.पु.से., विशेष महानिदेशक (मुख्यालय), श्री एस. आर. ओझा, भा.पु.से., अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण), श्री वितुल कुमार, भा.पु.से., अपर महानिदेशक (परिचालन) सहित सभी महानिरीक्षक एवं अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्री बी.एस.नेगी, उप महानिरीक्षक(प्रशासन) द्वारा महानिदेशक महोदय एवं अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया गया।

महानिदेशालय
SERVICE AND LOYALTY
CENTRAL RESERVE POLICE